रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 77] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 22 2013/चैत्र 1, 1935
No. 77] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 22, 2013/CHAITRA 1, 1935

## प्रसार भारती
### (भारतीय प्रसारण निगम)
### अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 मार्च, 2013

**सं. एन-10/6/2013-पीपीसी.**—प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 (1990 का 25) की धारा 33 की उप-धारा (2) के खंड (घ) के साथ पठित धारा 9 और धारा 11 की उप-धारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) (कनिष्ठ कार्यक्रम पद) सेवा विनियम, 2002 का अधिक्रमण करते हुए, जहां तक प्रसारण निष्पादक और प्रस्तुति सहायक (दूरदर्शन) के पद का संबंध है, इस अधिक्रमण से पूर्व किए गए या छोड़े गए कार्यों के अतिरिक्त, प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) केंद्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) प्रसारण निष्पादक भर्ती विनियम, 2013 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. **पद संख्या, पे बैंड और ग्रेड पे या वेतनमान.**—उक्त पद की संख्या, इसका वर्गीकरण, इनका पे बैंड और ग्रेड पे या वेतनमान वह होगा जो इन विनियमों की संलग्न अनुसूची के कालम 2 से 4 में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि.**—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के कालम 5 से 12 में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **वरिष्ठता .**—इन विनियमों के अंतर्गत भर्ती होने वाले प्रसारण निष्पादक की पारस्परिक वरिष्ठता कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा समय-समय पर जारी सामान्य अनुदेशों के अनुसार होगी ।

5. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि निगम का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस विनियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा ।

6. **नैमित्तिक कर्मियों के लिए आयु में छूट.**—प्रसारण निष्पादक या प्रस्तुति सहायक का कार्य निष्पादन करने वाले आकाशवाणी और दूरदर्शन के स्टेशनों या केंद्रों में कार्यरत नैमित्तिक कर्मियों को प्रसारण निष्पादक या प्रस्तुति सहायक के रूप में उनकी नैमित्तिक आधार पर की गई सेवा अवधि तक सीधी भर्ती में आयु सीमा में छूट दी जाएगी :

बशर्ते एक कैलेण्डर वर्ष में कम से कम एक सौ बीस दिनों की सेवा को एक वर्ष की सेवा के रूप में गिना जाएगा ।

स्पष्टीकरण – एततद्वारा स्पष्ट किया जाता है कि इस विनियम के उद्देश्य के लिए की गई सेवा सीमा के निर्धारण हेतु नैमित्तिक आधार पर प्रसारण निष्पादक या प्रस्तुति सहायक के रूप में एक कैलेण्डर वर्ष में एक सौ बीस दिन की न्यूनतम कुल अवधि के लिए अनुबंध को एक वर्ष गिना जाएगा और एक कैलेण्डर वर्ष में एक सौ बीस दिन की अवधि से कम अनुबंध को इस आयु छूट के योग्य नहीं माना जाएगा।

7. छूट देने की शक्ति - जहां निगम की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके और केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन और प्रसार भारती भर्ती बोर्ड से परामर्श करके, इन विनियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा छूट दे सकेगा।

8. व्यावृत्ति - सरकार द्वारा समय-समय पर जारी जिन आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है, उनसे संबंधित आरक्षण, आयुसीमा में छूट और अन्य रियायतों पर इन विनियमों का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | पे बैंड और ग्रेड पे या वेतनमान | क्या चयन पद है या गैर चयन पद | सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. प्रसारण निष्पादक (सामान्य एवं प्रस्तुति)<br>2. प्रसारण निष्पादक (आलेख)<br>3. प्रसारण निष्पादक | *2451 (2013) (इनमें दूरदर्शन के 610 पद प्रस्तुति सहायक शामिल हैं)<br>* पदों में | ग्रुप 'बी' | पे बैंड-2 (रू.9300-34,800 और रू.4200/- ग्रेड पे | लागू नहीं | 30 वर्ष से अधिक नहीं। (प्रसार भारती के कर्मचारियों को 5 वर्ष की छूट)।<br><br>टिप्पणी:<br>आयु सीमा निर्धारित करने |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (कृषि एवं गृह)/(कृषि रेडियो रिपोर्टर)<br>4. प्रसारण निष्पादक (विज्ञान रिपोर्टिंग)<br>5. प्रसारण निष्पादक (जनजातीय बोली/अनुवाद)<br>6. प्रसारण निष्पादक (विदेशी भाषा)<br>7. प्रसारण निष्पादक (प्रस्तुति सहायक)<br>8. प्रसारण निष्पादक (शैक्षिक प्रसारण)<br>9. प्रसारण निष्पादक (परिवार कल्याण) | परिवर्तन कार्य मात्रा के अधीन होगा।<br><br>टिप्पणी : प्रत्येक ग्रेड में पदों की संख्या उस ग्रेड के लिए स्वीकृत पदों की कुल संख्या होनी चाहिए और किसी भी समय निगम में प्रतिनियुक्तिवत सरकारी कर्मचारियों और निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की कुल संख्या से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। | | | | की निर्णायक तारीख भारत के अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (परंतु वे अंतिम तारीख जो कि असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, जम्मू और कश्मीर राज्य के प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले और चम्बा जिले के पांगी उप प्रभाग, संघ शासित क्षेत्र अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित नहीं होगी।) |

| सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं |
| --- |
| 7 |

1. <u>प्रसारण निष्पादक (सामान्य एवं प्रस्तुति)</u>

<u>अनिवार्य:</u>

क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विधा में स्नातक डिग्री।

ख) रिक्ति से संबंधित भाषा में दक्षता।

<u>वांछनीय:</u>

1.(क) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली या फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से नाटक या फिल्म या टेलीविजन के क्षेत्र में डिप्लोमा;

या

(ख) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से साउंड ब्राडकास्टिंग में डिप्लोमा।

2. संबंधित क्षेत्र की संस्कृति, परम्परा और साहित्य से परिचित।
3. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मामलों की जानकारी।
4. साहित्यिक या नाटकीय या वाद-विवाद या संगीत संबंधी उपलब्धियों या साहित्यिक या वैज्ञानिक विषयों पर प्रकाशनों का रिकार्ड।
5. संबंधित क्षेत्र की अन्य भाषा (ओं) का ज्ञान।

6. प्रसारण हेतु उपयुक्त स्वर।
7. कंम्यूटर और सामाजिक मीडिया के प्रयोग में प्रवीणता।

2. <u>प्रसारण निष्पादक (आलेख)</u>

<u>अनिवार्य:</u>

क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विधा में स्नातक डिग्री।

ख) रिक्ति से संबंधित भाषा में दक्षता।

<u>वांछनीय:</u>

1.(क) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली या फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे; या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से नाटक या फिल्म या टेलीविजन के क्षेत्र में डिप्लोमा; या

(ख) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से निम्नलिखित क्षेत्र में डिप्लोमा:-

(i) साउंड ब्राडकास्टिंग; या

(ii) पत्रकारिता; या

(iii) मीडिया अध्ययन

2. रिक्त पद से संबंधित भाषा में प्रसिद्ध लेखक के रूप में 5 वर्ष का अनुभव या पुस्तक रूप में सृजनात्मक लेखन का 5 वर्ष का अनुभव या किसी पत्र, पत्रिका या रेडियो के लिए सृजनात्मक लेखन का अनुभव और प्रसारणों के लिए आलेख तैयार करने की क्षमता।
3. हिंदी का ज्ञान।
4. संबंधित क्षेत्र की अन्य भाषा (ओं) का ज्ञान।
5. प्रसारण हेतु उपयुक्त स्वर।

6. समाचार पत्र या रेडियो या टेलीविजन के लिए लेख लिखने का अनुभव।

7. कंम्यूटर और सामाजिक मीडिया के प्रयोग में प्रवीणता।

3. <u>प्रसारण निष्पादक (कृषि एवं गृह)/(कृषि रेडियो रिपोर्टर)</u>

<u>अनिवार्य:</u>

क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि में स्नातक डिग्री।

ख) रिक्ति से संबंधित भाषा में दक्षता।

<u>वांछनीय:</u>

1. कृषि संबंधी विषयों पर पुस्तक के रूप में लेखन या विस्तार कार्यकर्ता (ग्राम सेवक) के रूप में 2 वर्ष का क्षेत्र अनुभव या ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता (ग्राम सेवक) का 2 वर्ष का प्रशिक्षण या ग्राम सेवक या ग्राम विस्तार अधिकारी के रूप में 6 वर्ष का अनुभव और प्रसारण के लिए आलेख तैयार करने की क्षमता।

2. प्रसारण हेतु उपयुक्त स्वर।

3. संबंधित क्षेत्र की अन्य भाषा (ओं) का ज्ञान।

4. कंम्यूटर और सामाजिक मीडिया के प्रयोग में प्रवीणता।

4. <u>प्रसारण निष्पादक (विज्ञान रिपोर्टिंग)</u>

<u>अनिवार्य:</u>

क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक डिग्री।

ख) रिक्ति से संबंधित भाषा में दक्षता।

<u>वांछनीय:</u>

1. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मामलों की जानकारी।
2. साहित्यिक या वाद-विवाद या विज्ञान संबंधी विषयों पर किए जाने वाले प्रकाशनों का रिकार्ड।
3. प्रसारण हेतु उपयुक्त स्वर।
4. संबंधित क्षेत्र की अन्य भाषा (ओं) का ज्ञान।
5. कंम्प्यूटर और सामाजिक मीडिया के प्रयोग में प्रवीणता।

5. <u>प्रसारण निष्पादक (जनजातीय बोली/अनुवाद)</u>

<u>अनिवार्य:</u>

क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विधा में स्नातक डिग्री जिसमें संविधान की आठवीं अनुसूची में दी गई कोई एक भाषा मुख्य विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में हो और हिंदी या अंग्रेजी भाषा एक विषय के रूप में पढ़ी हो।

ख) रिक्ति से संबंधित भाषा में दक्षता।

<u>वांछनीय:</u>

1. संबंधित क्षेत्र की संस्कृति, परम्परा और साहित्य से परिचित।
2. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मामलों की जानकारी।

3. रिक्त पद से संबंधित भाषा, जो भी हो, में अनुवादक या लेखक के रूप में 5 वर्ष का अनुभव।
4. हिंदी या अंग्रेजी, जो भी हो, से रिक्त पद से संबंधित बोली में सही अनुवाद की योग्यता।
5. प्रसारण हेतु उपयुक्त स्वर।
6. संबंधित क्षेत्र की अन्य भाषा (ओं) का ज्ञान।
7. कंम्यूटर और सामाजिक मीडिया के प्रयोग में प्रवीणता।

6. <u>प्रसारण निष्पादक (विदेशी भाषा)</u>

<u>अनिवार्य:</u>

क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मुख्य विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी सहित किसी भी विधा में स्नातक डिग्री प्राप्त की हो।

ख) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से संबंधित भाषा में कम से कम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा या प्रमाणपत्र।

<u>वांछनीय:</u>

1. संबंधित भाषा में टंकण की योग्यता।
2. अंग्रेजी से संबंधित भाषा में अनुवाद की योग्यता और विलोमतः।
3. सामयिक मामलों का अच्छा ज्ञान।
4. प्रसारण हेतु उपयुक्त स्वर।
5. कंम्यूटर और सामाजिक मीडिया के प्रयोग में प्रवीणता।

7. <u>प्रसारण निष्पादक (प्रस्तुति सहायक)</u>

<u>अनिवार्य:</u>

क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विधा में स्नातक डिग्री।

ख) रिक्ति से संबंधित भाषा में दक्षता।

<u>वांछनीय:</u>

1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से नाटक/फिल्म/ टेलीविजन निर्देशन में डिग्री या डिप्लोमा।
2. संबंधित क्षेत्र की संस्कृति और साहित्य की जानकारी।
3. नाटक या फिल्म या दूरदर्शन की संपत्ति और वार्डरोब के प्रयोग, भंडारण और अनुरक्षण का अनुभव।
4. कंम्यूटर और सामाजिक मीडिया के प्रयोग में प्रवीणता।

8. <u>प्रसारण निष्पादक (शैक्षिक प्रसारण)</u>

<u>अनिवार्य:</u>

क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी विधा में स्नातक डिग्री।

ख) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से शिक्षा में स्नातक डिग्री।

ग) रिक्ति से संबंधित भाषा में दक्षता।

1207 GI/13-3

वांछनीय:

1. विशेष रूप से बच्चों और विद्यार्थियों के लिए पुस्तक रूप में सृजनात्मक एवं सूचनात्मक लेखन का अनुभव या किसी पत्र/पत्रिका या रेडियो के लिए सृजनात्मक लेखन का अनुभव।
2. शिक्षण के आधुनिक तरीकों में रूचि।
3. प्रसारण के लिए उपयुक्त स्वर।
4. संबंधित क्षेत्र की अन्य भाषाओं का ज्ञान।
5. कंम्यूटर और सामाजिक मीडिया के प्रयोग में प्रवीणता।

9. प्रसारण निष्पादक (परिवार कल्याण)

अनिवार्य:

क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक विज्ञान/सामाजिक कार्य/नर्सिंग में डिग्री।

ख) रिक्ति से संबंधित भाषा में दक्षता।

वांछनीय:

1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से ग्रामीण समाज शास्त्र और सामुदायिक विकास या पत्रकारिता में डिप्लोमा।
2. किसी सरकारी/मान्यताप्राप्त संस्था से स्वास्थ्य शिक्षा या सामाजिक शिक्षा या जनसंचार या श्रव्य-दृष्य शिक्षा या परिवार नियोजन से संबंधित प्रशिक्षण।

3. कार्यक्रम प्रस्तुति और विस्तार या स्वास्थ्य शिक्षा मीडिया में अनुभव।

4. प्रसारण के लिए उपयुक्त स्वर।

5. कंम्यूटर और सामाजिक मीडिया के प्रयोग में प्रवीणता।

टिप्पणी : संबंधित भाषा में प्रवीणता का अर्थ है कि उम्मीदवार ने मैट्रिक स्तर तक इस भाषा का अध्ययन अवश्य किया हो।

| सीधी भर्ती के लिए विनिर्दिष्ट आयु और शैक्षिक योग्यताएं क्या पदोन्नति के मामले में लागू होती हैं। | परिवीक्षा अवधि | भर्ती की पद्धति चाहे सीधी भर्ती से या पदोन्नति से या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा और विभिन्न पद्धतियों से रिक्तियों को भरने का प्रतिशत | पदोन्नति प्रतिनियुक्ति/ आमेलन ग्रेड जिससे पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाना है, ऐसी भर्ती के संबंध में | यदि विभागीय पदोन्नति समिति विद्यमान है, तो उसकी संरचना |
|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| लागू नहीं | दो वर्ष | 100 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा | लागू नहीं | विभागीय पदोन्नति समिति (स्थायीकरण विचारार्थ)<br><br>1. उप महानिदेशक (कार्यक्रम), आकाशवाणी : अध्यक्ष;<br>2.निदेशक (कार्यक्रम), दूरदर्शन : |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | सदस्य;<br>3. निदेशक (प्रशासन),<br>आकाशवाणी: सदस्य |

बिग्रेडियर (अव. प्राप्त) वी.ए.एम. हुसैन, सदस्य (कार्मिक)
[विज्ञापन-III/4/असा./163/12]

**PRASAR BHARATI**
**(BROADCASTING CORPORATION OF INDIA)**
**NOTIFICATION**

New Delhi, the 20th March, 2013

**No. N-10/6/2013-PPC.**— In exercise of the powers conferred by section 9 and sub-section (5) of section 11 read with clause (d) of sub-section (2) of section 33 of the Prasar Bharati (Broadcasting Corporation of India) Act, 1990 (25 of 1990), and in supersession of the Prasar Bharati (Broadcasting Corporation of India) (Junior Programme posts) Recruitment Regulations, 2002, in so far as they relate to the posts of Transmission Executive and Production Assistant (Doordarshan), except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Prasar Bharati (Broadcasting Corporation of India), with the prior approval of the Central Government, hereby makes the following regulations, namely:-

1. Short title and commencement - (1) These regulations may be called the Prasar Bharati (Broadcasting Corporation of India) Transmission Executive Recruitment Regulations, 2013.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of posts, Pay Band and Grade Pay or Pay scale - The number of posts, their classification, Pay Band and Grade Pay or Pay Scale attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these regulations.

3. Method of recruitment, age limit, qualifications, etc. – The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns 5 to 12 of the said Schedule.

4. Seniority - The inter-se seniority of Transmission Executives who are appointed under these regulations shall be in accordance with the general instructions issued by the Department of Personnel and Training from time to time.

5. Disqualification - No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Corporation may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage, and that there are grounds for so doing, exempt any person from the operation of this regulation.

6. Age relaxation for casual assignees - The casual assignees working in Stations or Kendras of All India Radio and Doordarshan performing the duties of Transmission Executive or Production Assistant shall be eligible for relaxation of age for direct recruitment to the extent of their services rendered as Transmission Executive or Production Assistant on casual basis:

1207 GI/13-4

Provided that a minimum of one hundred and twenty days service in a calendar year shall be reckoned as one year service.

*Explanation* – It is hereby clarified that for determining the extent of service rendered for the purpose of this regulation, engagement for a total period of one hundred and twenty days in one calendar year as Transmission Executive or Production Assistant on casual basis shall be taken as one year and their engagement for less than one hundred and twenty days in a calendar year shall not qualify for such age relaxation.

7. Power to relax – Where the Corporation is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Prasar Bharati Recruitment Board and with the prior approval of the Central Government, relax any of the provisions of these regulations with respect to any class or category of persons.

8. Saving - Nothing in these regulations shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for persons belonging to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, ex-servicemen and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Government from time to time in this regard.

## SCHEDULE

| Name of the post. | Number of posts. | Classification. | Pay Band and Grade Pay or Pay Scale. | Whether selection post or non selection post. | Age limit for direct recruits. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. Transmission Executive (General and Production);<br>2. Transmission Executive (Scripts);<br>3. Transmission Executive (Farm and Home) / (Farm Radio Reporter);<br>4. Transmission Executive (Science Reporting);<br>5. Transmission Executive (Tribal dialect / Translation);<br>6. Transmission Executive (Foreign Language); | 2451* (2013) [includes 610 posts of Production Assistant (Doordarshan)]<br><br>* Subject to variation dependent on the work load.<br><br>Note: The number of posts in each | Group 'B' | Pay Band-2 ( Rs. 9300-34800/-) and Grade Pay of Rs. 4200/- | Not Applicable | Not exceeding 30 years. (Relaxable for employees of Prasar Bharati upto five years)<br>Note: The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. Transmission Executive (Production Assistant) ; 8. Transmission Executive (Educational Broadcast); 9. Transmission Executive (Family Welfare); | grade is the total number of the posts sanctioned for that grade and at any time, it shall not exceed the aggregate number of posts occupied by the Government servants on deemed deputation to the Corporation and the officers and employees of the Corporation. | | | | Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir state, Lahaul and Spiti District and Pangi sub-division of Chamba District of Himachal Pradesh and Union territory of Andaman and Nicobar Islands or Lakshadweep). |

| Educational and other qualifications required for direct recruits. |
| --- |
| 7. |

1. TRANSMISSION EXECUTIVE (General and Production)

ESSENTIAL:

a) Bachelor's Degree in any discipline from a recognized University;

b) Proficiency in the language relevant to the vacancy.

DESIRABLE:

1. (a) Diploma from the National School of Drama, New Delhi or the Film and Television Institute, Pune or any other recognized University or Institute in the field of Drama or Film or Television;

or

(b) Diploma in Sound Broadcasting from a recognised University or Institute.

2. Acquaintance with culture, traditions and the literature of the area concerned.
3. Knowledge of national and international affairs.
4. Record of literary or dramatic or debating or musical achievements or publications on literary or scientific subjects.
5. Knowledge of other language(s) of the area concerned.
6. Voice suited for broadcasting.
7. Proficiency in the use of computers and social media.

1207 GI/13-5

2. TRANSMISSION EXECUTIVE (Scripts):

ESSENTIAL:

a) Bachelor's Degree in any discipline from a recognized University;
b) Proficiency in the language relevant to the vacancy.

DESIRABLE:

1. (a) Diploma from the National School of Drama, New Delhi; or the Film and Television Institute, Pune; or any other recognized University or Institute in the field of Drama or Film or Television; or
   (b) Diploma from a recognized University or Institute in:-
      (i) Sound Broadcasting; or
      (ii) Journalism; or
      (iii) Media Studies.
2. Five years standing as a well - known writer in the language relevant to the vacancy or five years experience of creative writing in book form or in journals or magazines or for radio and capacity to prepare scripts for broadcasts.
3. Knowledge of Hindi.
4. Knowledge of other language(s) of the area concerned.
5. Voice suited for broadcasting.
6. Experience of contributing articles to news paper or radio or television.

7. Proficiency in the use of computers and social media.

3. <u>TRANSMISSION EXECUTIVE (Farm and Home) /( Farm Radio Reporter):</u>

<u>ESSENTIAL</u>:

a) Bachelor's Degree in Agriculture from a recognized University;
b) Proficiency in the language relevant to the vacancy.

<u>DESIRABLE:</u>

1. Five years creative writing in book-form or in journals or magazines or for radio on agriculture subject or two years field experience as Extension Worker (Gram-Sewak) or two years training as Village Level Worker (Gram Sewak) with six years experience as Gram-Sewak or Village Extension Officer and capacity to prepare scripts for broadcasting.
2. Voice suited for broadcasting.
3. Knowledge of other language(s) of the area concerned.
4. Proficiency in the use of computers and social media.

4. <u>TRANSMISSION EXECUTIVE (Science Reporting):</u>

<u>ESSENTIAL</u>:

a) Bachelor's Degree in Science from a recognized University;

b) Proficiency in the language relevant to the vacancy.

DESIRABLE:

1. Knowledge of national and international affairs.
2. Record of literary or debating or publications on scientific subject.
3. Voice suited for broadcasting.
4. Knowledge of other language(s) of the area concerned.
5. Proficiency in the use of computers and social media.

5. TRANSMISSION EXECUTIVE (Tribal Dialect / Translation):

ESSENTIAL:

a) Bachelor's Degree in any discipline from a recognized University with any of the languages listed in the Eighth Schedule to the Constitution as main subject or medium of examination and Hindi or English as one of the subjects.

b) Proficiency in the language relevant to the vacancy.

DESIRABLE:

1. Acquaintance with the culture, traditions and literature of the area concerned.
2. Knowledge of national and international affairs.
3. Five years experience as translator or writer in the language relevant to the vacancy as the case may be.
4. Ability to translate correctly from Hindi or English, as the case may be, into the language relevant to the vacancy and vice-versa.

5. Voice suited for broadcasting.
6. Knowledge of other language(s) of the area concerned.
7. Proficiency in the use of computers and social media.

6. TRANSMISSION EXECUTIVE (Foreign Language):

ESSENTIAL:

a) Bachelor's Degree in any discipline from a recognized University with English as main subject or as medium of examination;
b) Diploma or Certificate course of at least one year duration in the concerned foreign language from a recognized University or Institute.

DESIRABLE:

1. Ability to type in the concerned foreign language.
2. Ability to translate from English to the concerned foreign language and vice-versa.
3. Knowledge of current affairs.
4. Voice suited for broadcasting.
5. Proficiency in the use of computers and social media.

7. TRANSMISSION EXECUTIVE (Production Assistant):

ESSENTIAL:

a) Bachelor's Degree in any discipline from a recognized University;

12074713-6

b) Proficiency in the language relevant to the vacancy.

DESIRABLE:

1. Degree or Diploma in direction in Drama/ Film/ Television from a recognized University or Institute.
2. Knowledge of culture and literature of the area concerned.
3. Experience of handling, storing and maintenance of properties and wardrobe in Drama or Film or Television.
4. Proficiency in the use of computers and social media.

8. TRANSMISSION EXECUTIVE (Educational Broadcast):

ESSENTIAL:

a) Bachelor's Degree in any discipline from a recognized University;
b) Bachelor's Degree in Education from a recognized University or Institute;
c) Proficiency in the language relevant to the vacancy.

DESIRABLE:

1. Experience in creative or informative writing in book-form or in journal or magazines or for radio, specially for children and students.
2. Interest in modern methods of teaching;

3. Voice suited for broadcasting;
4. Knowledge of other language(s) of the area concerned.
5. Proficiency in the use of computers and social media.

9. TRANSMISSION EXECUTIVE (Family Welfare):

ESSENTIAL:

a) Bachelor's Degree in Social Sciences or Social Work or Nursing from a recognized University;
b) Proficiency in the language relevant to the vacancy.

DESIRABLE:

1. Diploma in Rural Sociology and Community Development or Journalism from a recognized University or Institution.
2. Training in Health Education or Social Education or Mass Communication or Audio Visual Education or Social Work or Family Planning in any Government Department or in a recognized Institution or two years field experience in Health or Social Education or Social Work or Family Planning.
3. Experience in production and use of Extension or Health Education Media
4. Voice suited for broadcasting;
5. Proficiency in the use of computers and social media.

Note: Proficiency in the relevant language means that a candidate must have studied in that language up to Matriculation.

| Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees. | Period of probation, if any. | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation / absorption and percentage of vacancies to be filled by various methods. |
|---|---|---|
| 8. | 9. | 10. |
| Not applicable. | Two years. | Hundred per cent by direct recruitment. |

| In case of recruitment by promotion or deputation / absorption grades from which promotion or deputation / absorption to be made. | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition |
|---|---|
| 11. | 12 |
| Not Applicable. | Departmental Promotion Committee ( for confirmation) consisting of:-<br>(1) Deputy Director General (Programme) , All India Radio: Chairman;<br>(2) Director (Programme), Doordarshan: Member;<br>(3) Director (Administration ), All India Radio: Member |

Brig. (Retd.) V. A.M. HUSSAIN, Member (Personnel)

[ADVT-III/4/Exty./163/12]

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.